राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर शास्त्रीनगर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 02 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर स्थानीय शास्त्रीनगर पार्क, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व॰ लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

स्व॰ शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनेवालों में उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी आदि प्रमुख थे। प्रतिमा पर कई विधायकों, विधान पार्षदों, जन–प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधियों आदि ने भी माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन तथा भजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों का गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

....